nt>

14.04 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377 *

MR. SPEAKER: Matters under rule 377 will be treated as laid on the Table of the

House.

Title: Need to increase the working capital of Praga Tools Limited in Andhra Pradesh. − Laid.

श्री एम. अंजन कुमार यादव (सिकन्दराबाद) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में प्राग टूल्स उपक्रम है। यह रक्षा विभाग का उत्पादन करता है और विदेशों में इसके उत्पादन का निर्यात करता है। इस उपक्रम के पास क्रय आदेश भी बहुत ज्यादा है। परन्तु समय पर अपने क्रय आदेश को पूरा करने के लिए सही प्रकार से उत्पादन नहीं कर पा रहा है क्योंकि इस उपक्रम के पास वर्किंग कैपिटल की बहुत कमी है। 20 करोड़ की वर्किंग कैपिटल उपलब्ध करवाने के लिए कई सांसद माननीय रक्षा मंत्री जी से मिले थे, परन्तु आज तक इस संबंध में पूर्ण कार्यवाही नहीं हुयी है। इससे सरकार को बहुत नुकसान भी है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि प्राग टूल्स की वर्किंग कैपिटल को 20 करोड़ किया जाये, जिससे यह उपक्रम अपने क्रय आदेश को समय पर पूरा कर सके।

*Laid on the Table.